हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

06 कुंभराज मंडी में सर्वर ठप, दो से तीन घंटे प्रभावित हुई खरीदी



07 महिलाओं ने सज धज कर पूरे दिन व्रत रखा, पति की लंबी उम्र की कामना की



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

नवागत कुलसचिव रविशंकर सोनवाल का स्वागत और अभिनंदन किया



गुना। अशासकीय महाविद्यालय संचालन संघ की ओर से 28 अक्टूबर को क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना के नवागत कुलसचिव रविशंकर सोनवाल का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सेन, सचिव सुनील भार्गव, सह-सचिव देवेश भार्गव, कोषाध्यक्ष मनीषा पांडेय, परिषद सदस्य श्री अशोक ठाकुर सहित गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में अशासकीय महाविद्यालयों की समस्याओं, उनके विकास और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। कुलसचिव सोनवाल ने महाविद्यालयों के सहयोग से विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर प्रयास करने की बात कही।

श्लोकों का सामूहिक पाठ, गीता ओलम्पियाड की परीक्षा 19 नवंबर को

गुना। विश्वगीताप्रतिष्ठानम के गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल के तत्वावधान में श्री बुंदेल सिंह यादव के विंध्याचल कॉलोनी स्थित निवास पर गीता स्वाध्याय आयोजित किया गया। इसमें निर्धारित श्लोकों की व्याख्या करते हुए देवेंद्र भार्गव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप को देखकर अर्जुन भयभीत हो गए थे। उनकी प्रार्थना पर भगवान ने अपना सौम्य चतुर्भुज स्वरूप दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुंदेल सिंह यादव ने सपरिवार गीता पूजन से किया। स्वाध्याय शिक्षक का दायित्व पं. रामकुमार तिवारी ने निभाया। गीता के 11वें अध्याय के श्लोक 45 से 55 तक का सस्वर सामूहिक पाठ साकेत रघुवंशी ने कराया। जगदीश राठौर ने प्रेरक प्रसंग सुनाया, जबकि उमाशंकर भार्गव ने सुभाषित के माध्यम से दूसरों के साथ सद्व्यवहार करने की प्रेरणा दी। संतोष ओझा ने अमृत वचनों के माध्यम से गीता का महात्म्य बताया। सूचना सत्र में गीता ओलम्पियाड-2026 की संशोधित अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रथम स्तर की परीक्षा अब 19 नवंबर 2026 को आयोजित होगी। अमरकंटक स्थित गीता स्वाध्याय मंदिर में चल रहे स्वाध्याय वर्ग की जानकारी भी दी गई।

टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सीए पंकज वैश्य, सचिव सौरभ जैन



गुना। गुना टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वर्ष 2026-27 के लिए CA पंकज वैश्य को अध्यक्ष, एडवोकेट सौरभ जैन को सचिव तथा एडवोकेट मनीष तिवारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष अमित सोगानी एवं सचिव CA दिनेश नेमा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट राकेश जैन ने नई कार्यकारिणी को विधिवत कार्यभार सौंपा।चुनाव उपरांत गुना में पदस्थ नव नियुक्त अधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया । आयकर अधिकारी राघवेंद्र शर्मा, राज्यकर अधिकारी (SGST) अमित शर्मा तथा CGST अधीक्षक रूपेश कुमार ने अपने विचार रखे। इस दौरान करदाताओं से जुड़े विभिन्न विषयों, कर कानूनों के प्रावधानों तथा उनके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में कर अधिवक्ताओं एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने अपने विचार साझा किए।बैठक में वर्ष 2028 के लिए एडवोकेट संजय जैन को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी CA ब्रजेश अग्रवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई।

श्रद्धा, प्रेम और उत्साह के साथ मनाया करवा चौथ का पर्व

सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत पूजा-अर्चना, चंद्र दर्शन के बाद खोला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा।

दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को महिलाओं ने विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना की और चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया।

करवा चौथ को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार से सजकर पर्व की तैयारियां कीं। घरों में पूजा की विशेष तैयारियां की गईं। महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं ने लाल, गुलाबी और अन्य आकर्षक रंगों के पारंपरिक परिधान पहने। हाथों में मेहंदी, चूड़ियां, बिंदी और आभूषणों से सजी महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ पूजा की। कई स्थानों पर महिलाओं ने एकत्रित होकर करवा चौथ की कथा सुनी और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

चंद्र दर्शन का रहा विशेष महत्व

करवा चौथ के व्रत में चंद्रमा के दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है। महिलाओं ने चंद्रमा के उदय होने की प्रतीक्षा की। चंद्र दर्शन के बाद पूजा-अर्चना कर अर्घ्य दिया और पति की लंबी आयु की कामना की। इसके बाद व्रत का पारण किया गया। इस दौरान पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास और समर्पण की भावना देखने को मिली।

परंपरा और पारिवारिक प्रेम का प्रतीक है करवा चौथ

करवा चौथ भारतीय संस्कृति में दांपत्य प्रेम, विश्वास और पारिवारिक एकता का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व पति-पत्नी के रिश्ते में समर्पण और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करता है। गुना में भी पर्व को लेकर घरों में उत्सव का माहौल रहा। महिलाओं ने परंपराओं का पालन करते हुए श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली की कामना की।

अर्नब चक्रवात का गुना में असर, आसमान में घिरे बादल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात अर्नब का प्रभाव अब मध्य प्रदेश के गुना जिले में भी साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। गुरुवार की सुबह से ही शहर के आसमान में बादलों ने डेरा डाल दिया है, जिसके चलते पूरे दिन धूप और बादलों की लुकाछिपी जारी रही। मौसम में आए इस अचानक बदलाव के कारण शहर में धूल भरी हवाएं भी चलीं, जिससे जनजीवन पर हल्का असर पड़ा है। इस मौसमी हलचल के बीच न्यूनतम तापमान में एक ही दिन में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे सुबह के वक्त महसूस होने वाली गुलाबी ठंडक फिलहाल गायब हो गई है। मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, चक्रवात के असर से तापमान के मिजाज में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। बुधवार को जहां गुना का न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, वहीं गुरुवार को यह अचानक 3.2 डिग्री बढ़कर 20.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट आ रही थी। रिकॉर्ड के अनुसार, सोमवार को अधिकतम पारा 33.7 डिग्री सेल्सियस था, जो मंगलवार को लुढ़ककर 38.6 डिग्री और बुधवार को 30.603 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था।मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों से टकराने के बाद यह चक्रवात छत्तीसगढ़ के रास्ते मध्य प्रदेश के वायुमंडल तक पहुंचा है।

सूने घर का ताला तोड़कर फ्रिज, गैस टंकी और कूलर सहित हजारों का सामान ले गए चोर

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोकुल सिंह का चक इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाते हुए लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। ड्यूटी पर गए परिवार के पीछे अज्ञात चोर घर का मुख्य ताला तोडक़र फ्रिज, गैस टंकी, कूलर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया कांति खंडेलवाल (47) निवासी गोकुल सिंह का चक ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत रात वह अपने बेटे अभिषेक खंडेलवाल के साथ ड्यूटी पर गई थीं। उनके पति लूसन के बगीचे वाले दूसरे मकान पर थे, जिससे गोकुल सिंह का चक स्थित उनका घर पूरी तरह सूना था। जब अगली सुबह करीब 6:30 बजे मां-बेटे वापस घर लौटे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखने पर पता चला कि चोर घर में रखा एक फ्रिज, गैस की टंकी, दो मोबाइल चार्जर, कृषि कार्य में दवाइयां डालने वाले दो पंप, एंप्लीफायर के दो बॉक्स, टिल्लू पंप, एक कूलर और दीवार घड़ी सहित अन्य कीमती सामान चुराकर ले गए हैं। पीड़िता ने बेटे के साथ थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

तात्याटोपे विश्वविद्यालय में 6 बिंदुओं पर सुधार की मांग

परीक्षा परिणामों की गड़बड़ियों पर अभाविप का प्रदर्शन, 3 दिन का अल्टीमेटम, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था, परिणामों में विसंगतियों और ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया।

ज्ञापन में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर और क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणामों एवं अनुक्रमांक संबंधी त्रुटियों में सुधार कर संशोधित परिणाम जारी करने की मांग की गई। साथ ही एमएससी रसायन शास्त्र द्वितीय सेमेस्टर के जून 2026 के परिणाम में प्रश्नपत्रों के नाम बदलने की विसंगति पर आपत्ति जताते हुए रिकॉर्ड और अंकसूची का मिलान कर सुधार करने की मांग उठाई गई।

अभाविप ने एमएससी के निजी विद्यार्थियों तथा एमए प्रथम वर्ष के विभिन्न विषयों के नियमित और निजी विद्यार्थियों के परिणामों की नियमसम्मत एवं पारदर्शी समीक्षा करने की मांग भी की। इसके अलावा परिणाम तैयार करने वाली एजेंसी की भूमिका और सत्यापन प्रक्रिया सार्वजनिक करने की बात कही गई। स्नातक द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षा के दौरान एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर आई तकनीकी समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए प्रभावित विद्यार्थियों को बिना विलंब शुल्क आवेदन का अवसर देने की मांग की गई।अभाविप ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान कर स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।

परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी के खिलाफ डीएसओ का प्रदर्शन, प्रथम वर्ष के परिणामों में सुधार की मांग

शहर के शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज में छात्र संगठन डीएसओ ने परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ियों के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपकर संशोधित परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की। डीएसओ ने आरोप लगाया कि बीए और बीएससी प्रथम वर्ष के परिणामों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री दी गई है या शून्य अंक देकर अनुत्तीर्ण किया गया है। फाउंडेशन कोर्स और व्यावसायिक विषयों में भी ऐसी विसंगतियां सामने आई हैं, जिससे विद्यार्थी परेशान हैं। संगठन ने पूर्व में भारत बोध के प्रश्नपत्र में एक ही प्रश्न चार बार दोहराए जाने और अन्य प्रश्नपत्र में हिंदी अनुवाद नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। डीएसओ का कहना है कि विश्वविद्यालय ने पहले विद्यार्थियों का नुकसान नहीं होने देने का आश्वासन दिया था, लेकिन हालिया परिणामों में फिर कई विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री मिली है। प्रदर्शन के दौरान संगठन ने कॉलेजों में शिक्षकों की कमी, नियमित कक्षाएं नहीं लगने और पाठ्यपुस्तकों व बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर भी चिंता जताई। डीएसओ ने चेतावनी दी कि परिणामों की विसंगतियां जल्द दूर नहीं हुईं, तो विद्यार्थियों के हित में आंदोलन किया जाएगा।



मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के लिए आवेदन 1 नवंबर से : गुना । मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत देवउठनी ग्यारस के अवसर पर 20 नवंबर 2026 को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए 1 नवंबर से संबंधित जनपद पंचायत, नगरपालिका एवं नप कार्यालयों में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए कन्या एवं उसके अभिभावक का गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार से होना अनिवार्य है।

आरोन में 30 अक्टूबर को लगेगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर

गुना। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 को आरोन विकासखंड की ग्राम पंचायत खजूरी स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आरोन क्षेत्र की 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा। विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर से पहले क्षेत्र भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम में जनसंवाद एवं उद्योग संवाद आयोजित होंगे।

विकास नगर में सरकारी रास्ते को लेकर गरमाया विवाद कॉलोनी वासियों और व्यवसायी आमने-सामने, थाने पहुंचा मामला

गुना। जिले में जमीनी विवादों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला शहर के विकास नगर इलाके का है, जहां सरकारी रास्ते को लेकर स्थानीय कॉलोनीवासियों और एक व्यवसायी के बीच तीखा विवाद खड़ा हो गया है। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्ष थाने पहुंच गए, जहां पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाकर मामला शांत कराया। विकास नगर के रहवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिस सरकारी मार्ग को कुछ समय पहले अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, संबंधित व्यवसायी उस पर फिर से अवैध कब्जा करना चाहता है। कॉलोनीवासियों का यह भी आरोप है कि जिस जगह पर सदानंद अरोड़ा पेट्रोल पंप स्थापित है, वह भूमि भी शासकीय है। इसके अलावा, उक्त व्यक्ति पर अन्य सरकारी जमीनों पर भी कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। चर्चा यह भी है कि इस सरकारी मार्ग के पास की जमीन का शहर के अन्य व्यापारियों के साथ विक्रय अनुबंध (एग्रीमेंट) किया गया है, जिसके चलते यह पूरा विवाद तूल पकड़ रहा है। दूसरी ओर, व्यवसायी अमित अरोड़ा का पक्ष है कि प्रशासन द्वारा पूर्व में जो सीमांकन और स्थान चिन्हित किया गया था, उसमें किसी प्रकार का फेरबदल नहीं किया गया है। विवाद बढऩे पर दोनों पक्ष कैंट थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने उनकी शिकायतें सुनकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कैट ने अग्रवाल को गुना-शिवपुरी जिले का प्रभारी नियुक्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

देश की अग्रणी व्यापारिक संस्था कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स "कैट" द्वारा राजेश अग्रवाल को उनकी संगठनात्मक सूझबूझ के चलते गुना एवं शिवपुरी जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है । कैट के प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता प्रिंस द्वारा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन की सहमति से प्रदेश सचिव राजेश अग्रवाल को गुना एवं शिवपुरी दो जिले का प्रभारी घोषित किया गया है ।वर्तमान में कई धार्मिक , सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों का नेतृत्व कर रहे राजेश अग्रवाल एक लम्बे समय से व्यापारियों एवं आमजन की समस्याओं को शासन प्रशासन के समक्ष रखते आ रहे हैं और अपनी साफ सुथरी छवि , कुशल कार्यशैली से समस्याओं का त्वरित निराकरण भी करते हैं ।राजेश अग्रवाल के प्रभारी नियुक्त होने से दोनों जिले के व्यापारियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। एवं सभी के द्वारा बधाईयां प्रेषित की जा रही हैं ।ज्ञात रहे कि गुना जिले में हाल ही में कैट की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें शहर के चुनिंदा व्यापारियों का समावेश किया गया है अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा एवं तहसील स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा ।तदुपरांत कैट की महिला इकाई एवं युवा इकाई का गठन भी किया जाएगा ।

सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय के नए भवन के लिए भूमि का चयन होगा

पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण, शस्त्र लाइसेंस प्रकरणों, स्वास्थ्य सुविधाओं और शासकीय एवं निजी संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता देने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के सेवानिवृत्त सैनिकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य करने के इच्छुक पूर्व सैनिकों को उनकी योग्यता एवं कार्यक्षमता के अनुसार वर्गीकृत किया जाए, ताकि शासकीय एवं निजी संस्थानों में उनकी सेवाओं का लाभ लिया जा सके। आगामी त्योहारों और आयोजनों में भी पूर्व सैनिकों की सेवाएं स्वयंसेवक के रूप में लेने पर चर्चा की गई।

समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधान

कलेक्टर ने पुलिस एवं अन्य विभागों को पूर्व सैनिकों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता से सुनने और नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक अपनी समस्याएं एवं सुझाव सीधे प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि उनका समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

ECHS के तहत अस्पताल सूचीबद्ध करने के निर्देश

पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ECHS के अंतर्गत NABH प्रमाणित अस्पताल को सूचीबद्ध करने पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में नए शस्त्र लाइसेंस जारी करने और नवीनीकरण से जुड़े प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने पर जोर दिया गया। साथ ही पूर्व सैनिकों को भूमि एवं भवन पर देय करों और उपकरों में शासन के नियमानुसार रियायत देने के विषय पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने नगर पालिका को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सैनिक कल्याण बोर्ड के नए भवन के लिए भूमि चयन

जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कार्यालय के नवीन भवन के लिए उपयुक्त भूमि चयनित करने के निर्देश एसडीएम मती शिवानी पांडे को दिए गए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर संदीप सिवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सुमन, विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) आशुतोष शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर सु महिमा चौधरी एवं देवांशु शिवहरे आदि मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

आत्म कल्याण के लिए अंतर्मन की आंखें खोलकर जागृत हों- मुनि श्रमण सागर



राघौगढ़। दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्यागुरु कुल भूषण, औजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ में जारी श्रमण धारा प्रवचन माला के 103 वे दिन विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में दृष्टि दोष कैसे दूर करें इस विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा आंखों में आए दृष्टि दोष, दूर दृष्टि एवं लिखने पढ़ने की दृष्टि में आई कमी को तो उपचार से ठीक किया जा सकता है मगर वर्तमान में हर व्यक्ति के अंतर मन में जो दृष्टि दोष है उसे दूर करने की आवश्यकता है। आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज से जुड़े लगभग 35 या40 वर्ष पूर्व की घटना का उल्लेख करते हुए कहा एक बार उनके संघस्थ मुनियों ने ऐसा महसूस किया कि आचार्य श्री की दृष्टि कमजोर हो रही है। विशेषज्ञ वैध जी को बुलाया। उन्होंने कहा आपकी दूर दृष्टि कमजोर हो गई है चश्मा लगाना पड़ेगा। आचार्य श्री ने कहा मैं चश्मा जीवन भर नहीं लगवाऊंगा। मुझे धर्म साधना करते हुए मात्र चार हाथ आगे देखने की जरूरत पड़ती है। उन्होंने जीवन भर चश्मा नहीं लगाया। आपने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दूर दृष्टि युक्त सोच का उल्लेख करते हुए कहा उन्होंने लगभग 35 वर्ष पूर्व जैसा सोचा था उसी अनुरूप जैन तीर्थ कुंडलपुर में विशाल मंदिर का निर्माण कराया। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा हमारे अंदर की आंखें खोलने की आवश्यकता है। अंदर की आंखों से हम अंदर झांक कर देखेंगे तो आत्म कल्याण की ओर बढ़ेंगे। अंदर की आंखों से बाहरी दुनिया को देखेंगे तो पाप की ओर बढ़ेंगे। आपने गिरगिट का उदाहरण देते हुए कहा गिरगिट ऐसा जानवर है जिसकी दोनों आंखों से दोनों दिशाओं में देख सकता है।

कम्युनिटी हॉल चाचौड़ा में आयोजित हुआ चिन्हांकन शिविर



चाचौड़ा। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जनपद चाचौड़ा में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वृद्धजन एवं दिव्यांग कुल 119 हितग्राही उपस्थित हुए, शिविर में उपस्थित हितग्राहियों में से पात्रता अनुसार 77 हितग्राहियों का सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन हुआ , चिन्हांकन शिविर में एलिमको जबलपुर से पी एंड ओ विकास शुक्ला, ऑडियोलॉजिस्ट राकेश लोधी , यश कश्यप ,जिला दिव्यांग सेवा संस्थान सचिव श्री कालूराम सेन उपस्थित रहे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद चाचौड़ा एवं नगर परिषद चाचौड़ा के कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर शिविर को सफल बनाया।

दीपावली की तैयारियों और फसल के दबाव के बीच मंडी में बढ़ी अव्यवस्थाएं

कुंभराज मंडी में सर्वर ठप, दो से तीन घंटे प्रभावित हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



स्थानीय कृषि उपज मंडी में आज सर्वर करीब दो से तीन घंटे तक बंद रहने से गंभीर स्थिति निर्मित हो गई। सर्वर ठप होने के कारण कृषि उपज की खरीदी प्रभावित हुई, जिससे व्यापारियों के साथ मंडी कर्मचारियों और किसानों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा।गौरतलब है कि दीपावली का त्योहार नजदीक है और किसान आगामी रबी फसल की बुवाई की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ऐसे में किसानों को कृषि संबंधी आवश्यकताओं के लिए नकदी की जरूरत है। वहीं, पिछले दिनों लगातार मंडी में अवकाश रहने के कारण वर्तमान में उपज की आवक एक साथ बढ़ गई। इससे मंडी में पहले से ही काम का दबाव बना हुआ था। इसी बीच सर्वर बंद होने से खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो गई और व्यवस्था संभालने में भी परेशानी सामने आई।मंडी में सर्वर की समस्या के चलते व्यापारियों का कामकाज प्रभावित हुआ, वहीं अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों को भी इंतजार करना पड़ा। त्योहार और खेती के महत्वपूर्ण समय में इस प्रकार की तकनीकी बाधा ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। ऐसे में मंडी की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान और वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

करवा चौथ की रौनक के बीच बाजार में जाम

एक ओर नगर में करवा चौथ को लेकर बाजार में रौनक बनी हुई है और खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली और पर्याप्त कार्ययोजना के अभाव में बाजार में जाम जैसे हालात भी देखने को मिल रहे हैं। त्योहार के अवसर पर बढ़ती भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते की जानी चाहिए थीं।कुल मिलाकर, कृषि उपज मंडी में सर्वर बंद होने से लेकर नगर के बाजार में यातायात की अव्यवस्था तक, दोनों ही स्थितियां बेहतर प्रबंधन और पूर्व नियोजन की आवश्यकता को उजागर करती हैं। यदि त्योहारों के दौरान बढ़ने वाली भीड़, मंडी में कृषि उपज की आवक और तकनीकी बाधाओं को ध्यान में रखकर पहले से कार्ययोजना बनाई जाए, तो किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में आरोन महाविद्यालय विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में 28 अगस्त 2026 को मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय आरोन एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा के दलों ने सहभागिता की।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोरेलाल बिसोरिया ने की। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक एकाग्रता और संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग में शासकीय महाविद्यालय आरोन विजेता रहा, जबकि महिला वर्ग में महाविद्यालय चाचौड़ा ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. कुलदीप शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. आशीष दुबे, योगाचार्य महेश पाल, नेहा नागर एवं श्रीराम माली रहे। पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. शैलेंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. सोनल दीक्षित, डॉ. नरेंद्र भास्कर, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. नीलू मांझी, लेखापाल गरुड़ेस व्यास छात्राएं उपस्थित रहीं।

चित्रकूट से पंचवटी तक की रामलीला का हुआ मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

श्री हनुमानजी रामलीला में बुधवार रात्रि भगवान श्रीराम के चित्रकूट से पंचवटी तक के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रसंग के अनुसार, चित्रकूट में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के निवास के दौरान इंद्रपुत्र जयंत ने भगवान के बल की परीक्षा लेने के लिए कौए का रूप धारण कर माता सीता के चरणों में चोंच मारी। भगवान श्रीराम ने बाण चलाकर उसका पीछा किया। सभी देवताओं से निराश होने के बाद नारदजी की सलाह पर जयंत भगवान श्रीराम की शरण में आया। भगवान ने उसे एक आंख से काना कर क्षमा प्रदान की।

इसके बाद भगवान श्रीराम ने विराध राक्षस का वध किया। ऋषि-मुनियों की हड्डियों का ढेर देखकर उन्होंने इसका कारण पूछा। ऋषियों ने बताया कि राक्षस उनके यज्ञ और अनुष्ठानों में बाधा डालकर उनका वध कर देते हैं। यह सुनकर भगवान श्रीराम ने पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त करने और ऋषि-मुनियों के आश्रमों में सुख-शांति स्थापित करने की प्रतिज्ञा ली।

सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबित प्रकरणों को लेकर सौंपा ज्ञापन



चांचौड़ा। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर महासंघ गुना ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के अर्जित अवकाश नकदीकरण, कार्योत्तर स्वीकृति एवं चतुर्थ समयमान वेतनमान से जुड़े लंबित प्रकरणों के निराकरण की मांग को लेकर कलेक्टर गुना को ज्ञापन सौंपा है। महासंघ ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 से प्रकरण लंबित हैं, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।महासंघ के अनुसार, सितंबर 2025 में कलेक्टर द्वारा इन प्रकरणों के निराकरण के लिए टीएल बैठक में निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी श्री समर सिंह राठौर द्वारा आदेशों का पालन नहीं किए जाने से सेवानिवृत्त शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चाचौड़ा में 32 किमी का सफर तय करेगी दिग्विजय की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा उज्जैन धाम से अयोध्या धाम तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। यात्रा 1 नवंबर रविवार को चाचौड़ा विधानसभा में प्रवेश करेगी और यहां लगभग 32 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा के स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर तैयारियां की जा रही हैं।

नयापुरा जोड़ की गौशाला में होगा रात्रि विश्राम

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 1 नवंबर को यात्रा चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद नयापुरा जोड़ स्थित गौशाला पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। 2 नवंबर सोमवार को सुबह 8 बजे गौशाला से पदयात्रा प्रारंभ होकर कालापीपल होते हुए गुंजारी पहुंचेगी।

यहां तीन घंटे के विश्राम के बाद यात्रा चाचौड़ा होते हुए बीनागंज पहुंचेगी। 3 नवंबर मंगलवार को बीनागंज स्थित रॉयल पैलेस गार्डन में विश्राम के बाद सुबह 8 बजे यात्रा पुनः प्रारंभ होगी और पटौदी होते हुए आगे बढ़ेगी। इस दिन घाटाखेड़ी में रात्रि विश्राम प्रस्तावित है।

यात्रा को लेकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान ने कालापहाड़ और गुंजारी क्षेत्र में भव्य स्वागत की तैयारी की है। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने नेता के स्वागत के लिए जुटे हुए हैं। उज्जैन से देवास और तराना सहित विभिन्न क्षेत्रों से यात्रा गुजरने के दौरान मिल रहे जनसमर्थन से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। दिग्विजय सिंह पूर्व में लगभग 3,500 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा कर चुके हैं। अब उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही इस यात्रा के राजनीतिक प्रभाव को लेकर भी चर्चा हो रही है।

अशोकनगर में पूरे दिन बादल छाए रहे, ठण्डी हवाएं चलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में गुरूवार का दिन उड़ीसा में आए अर्नब चक्रवात के कारण ठण्डा रहा,इस दौरान अर्नब का असर अशोकनगर में दिखाई दिया, पूरे दिन आकाश में बादल छाए रहे, ठण्डी हवाएं चलती रहीं, यहां का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है। बंगाल की खाड़ी से उठे इस चक्रवाती तूफान का असर अशोकनगर जिले में हालांकि अन्य जिलों की तुलना में कम रहा। इस दौरान पूरे दिन मौसम में नमी बनी रहीं कई बार ऐसा लगा कि बादल बरस सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

आत्मा योजना अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक होंगे पुरस्कृत

अशोकनगर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) वित्तीय वर्ष 2026-27 अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के सर्वोत्तम जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय कृषक पुरूस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र में कृषकों द्वारा अपनाई गई कृषि तकनीकि, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर पुरुस्कार प्रदान किये जाना है। सर्वोत्तम कृषक पुरूस्कार हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवम्बर 2026 है। विकासखण्ड स्तरीय पुरूस्कार प्रति विकासखण्ड संख्या 05 पुरूस्कार दिये जायेंगे। प्रति पुरूस्कार राशि 10000 रूपये है। इसी प्रकार जिला स्तरीय कृषक पुरूस्कार संख्या 10 प्रदाय किये जायेंगे।

करवाचौथ पर एसपी ने महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को घर जाकर पर्व मनाने का मौका दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा करवा चौथ पर्व के अवसर पर जिले की समस्त महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को विशेष सुविधा प्रदान की गई है। महिलाओं की धार्मिक आस्था एवं पारिवारिक भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें फील्ड ड्यूटी एवं बाह्य ड्यूटी से छूट प्रदान की गई है। इस दौरान महिला अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित थानों, शाखाओं एवं कार्यालयों में उपस्थित रहकर आवश्यक प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यों का संपादन करेंगी।पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि करवा चौथ महिलाओं की श्रद्धा,आस्था एवं पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। पुलिस विभाग में अनुशासन एवं कर्तव्यों का निर्वहन सर्वोपरि है, साथ ही महिला पुलिसकर्मियों की धार्मिक भावनाओं एवं पारिवारिक दायित्वों का सम्मान करना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से यह विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि महिला पुलिसकर्मी अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए पर्व की परंपराओं का पालन भी कर सकें। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा इससे पूर्व रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर भी महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को विशेष रियायत प्रदान की गई थी।

अंडर ब्रिज से निकलते समय स्कूटी में आग लगी, दमकल ने पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय अंडर ब्रिज से निकलते समय एक स्कूटी वाहन में अचानक आग लग गई, यह आग इस तरह भड़की की देखते ही देखते उसने पूरी स्कूटी को अपने कब्जे में ले लिया। स्कूटी वाहन चला रहा व्यक्ति मौके से वाहन छोड़कर भाग गया। बाद में नगरपालिका की दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

यह स्कूटी शहर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीतेश जैन की बताई गई है, यह वाहन जब वह पेट्रोल पंप पर लेकर पेट्रोल भराने के लिए लेकर गए थे जिसके बाद उन्होंने अपने कर्मचारी को स्कूटी ठीक कराने के लिए भेजा,जब डॉक्टर के कर्मचारी द्वारा स्कूटी को चालू करने का प्रयास किया गया तभी उसमें अचानक में आग लग गई। जिससे कर्मचारी मौके से वाहन छोड़कर भाग गया, घटना की जानकारी मिलने के बाद नगरपालिका की दमकल मौके पर पहुंची और स्कूटी में लगी आग को बुझाया गया।

जिला युवा संसद प्रतियोगिता के लिए पंजीयन माय भारत पोर्टल पर दर्ज होंगे

अशोकनगर। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027' के तहत जिला युवा संसद प्रतियोगिता के लिए पंजीयन माय भारत पोर्टल पर आमंत्रित किए हैं।"विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट" कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अशोकनगर के युवा-युवतियों का पंजीयन किया जाना है। ऐसे विद्यार्थी/युवा पात्र होंगे जिनकी आयु 17 अगस्त 2026 को 18 से 25 वर्ष के मध्य हो एवं अशोकनगर जिले के निवासी हो।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक संवाद, राष्ट्र निर्माण एवं नीति-निर्माण की समझ को विकसित करना है।प्रत्येक प्रतिभागी को 3 मिनट ही भाषण हेतु दिए जाएंगे। भाषण/ स्पीच का विषय- एक राष्ट्र, एक चुनाव। विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन तीन चरणों में प्रत्यक्ष रूप से किया जाएगा। पंजीकरण माय भारत पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

चंदेरी नपा पर भुगतान नहीं किए जाने का आरोप कागजों की प्रदर्शनी लगाई और विरोध जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी



स्थानीय नगर पालिका परिषद की उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है। नगर पालिका द्वारा लंबे समय से मेहनत का भुगतान न किए जाने से आहत एक पीड़ित ठेकेदार ने विरोध का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। पीड़ित मोनू पुरोहित पुरोहित फर्म ने न्याय की गुहार लगाते हुए नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर अपने तमाम कार्य आदेश जमीन पर बिछाकर अपना रोष व्यक्त किया। इस दौरान तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस कर्मी भी तैनात रहे।

पीड़ित मोनू पुरोहित ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से लगातार नगर पालिका के विभिन्न आयोजनों में टेंट, लाइट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का कार्य पूरी ईमानदारी से करते आ रहे हैं। उनके पास वर्ष 2019 से लेकर अब तक के तमाम वैध कार्य आदेश मौजूद हैं। मोनू का आरोप है कि उनका एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान नगर पालिका में अटका पड़ा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर भुगतान दबाए बैठे हैं। थक- हारकर उन्हें न्याय के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़ी,जहां से न्यायालय द्वारा नगर पालिका को भुगतान के संबंध में नोटिस भी जारी कराया गया। इसके बावजूद नगर पालिका के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। पीड़ित ने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कार्य नगर पालिका और शहर के विकास के लिए किया है, अधिकारी तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन उनकी इस जायज मांग को नजरअंदाज कर उन्हें आर्थिक और मानसिक संकट में धकेला जा रहा है। बार-बार वरिष्ठ अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी उन्हें कोरे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

इनका कहना है...

इस मामले में जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा से बात की गई तो उन्होंने इन आरोपों को लेकर कहा कि पीड़ित द्वारा प्रस्तुत की गई फाइलों में वैध वर्क ऑर्डर और हस्ताक्षर नहीं हैं तथा शासकीय नियमानुसार ही भुगतान किया जाना संभव है और उनके द्वारा पूर्व की फाइलें प्रस्तुत कर दी जाएं तो नियम अनुसार इनका भुगतान कर दिया जाएगा। लेकिन घर-घर फर्जी फाइल बनाई जा रही हैं । हालांकि, कागजी औपचारिकताओं और प्रशासनिक दांवपेंच के बीच 10 साल पुराना ाक कार्यशैली पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

श्रद्धाभाव के साथ मना करवा चौथ का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अखंड सौभाग्य और पति की मंगलकामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने गुरूवार को करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा और चंद्रमा को अर्घ्य देकर अखंड सुहाग की कामना की। महिलाओं ने सुहागिन के जोड़े में सज-धजकर विधिवत पूजा अर्चना कर चंद्रमा को अर्घ्य दिया और छलनी में पहले चंद्रमा और बाद में पति की सूरत निहारकर व्रत तोड़ा।

दो साल पहले हुआ था कटाखेड़ा प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़क का टेंडर, अब तक शुरू नहीं हुआ निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खागल दुधराई के आदिवासी बाहुल्य ग्राम कटाखेड़ा बराना में पक्की सड़क का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद उनके आवागमन की समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

जानकारी के अनुसार, कटाखेड़ा गांव में सड़क निर्माण के लिए पिछले दो वर्ष पहले टेंडर प्रक्रिया पूरी हुई थी। लेकिन अब तक मौके पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। ऐसे में ग्रामीणों को आज भी आवागमन के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।प्रधानमंत्री जनमन ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत मंजूर हुई थी मगर विभाग द्वारा हर बार बन विभाग का हवाला देकर सड़क को ठंडे बस्ते में डाले हुए है जबकि वन विभाग कहता है हमारी तरफ से पूरी कार्यवाही कर फाइल को आगे बढ़ा दिया था लेकिन प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग कोई दिलचस्पी नही दिखा रहा है जिससे ये दोनों सड़के डलती नजर नही आ रही है

बारिश में गांव का संपर्क हो जाता है बंद

कटाखेड़ा गांव के दोनों ओर नदियां और पहाड़ियां हैं। बारिश के दौरान वेलन नदी और बड़ा नाला उफान पर आने से गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। ऐसी स्थिति में बीमार व्यक्तियों को खटिया पर लिटाकर पैदल सेहराई तक ले जाना पड़ता है। समय पर उपचार की सुविधा तक पहुंचना भी ग्रामीणों के लिए चुनौती बन जाता है।

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत, फिर भी नहीं हुई सुनवाई

ग्राम के पटेल शिशुपाल सिंह यादव पटेल इंदल सिंह यादव राजन सिंह परमाल सिंह इंद्रभान सिंह यादव ग्रामीणों के अनुसार, बताया गया कि सड़क निर्माण शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर कई बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।ग्राम पंचायत खागल दुधराई के सरपंच बलवीरसिंह यादव ने बताया कि उन्होंने इस समस्या से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था।

खबर संक्षेप

जन विश्वास शिविर का आयोजन आज

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को नगर परिषद मुंगावली में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगे। साथ ही शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लंबरदार मोहल्ला निवासी शिशुपाल पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अभिषेक, और छोटू कुशवाह व एक अन्य व्यक्ति ने शराब के लिए पैसे मांगे ने देने पर मारपीट की और बाइक को तोड़ दिया। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंहपुर चाल्दा निवासी लाड़कुवंर बाई साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गजेन्द्र सिंह यादव, हल्के, काशीराम यादव ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीठला निवासी अहिल्याबाई राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजकुमार, कुलदीप, शिवराम राजपूत ने उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोलाडेम निवासी अमरसिंह बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आशाराम और तुलसी बंजारा ने उससे मारपीट की। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम साजनमउ निवासी सुखवती बाई धानक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है शिवचरण धानक ने उससे मारपीट की।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। सेहराई पुलिस ने चिरोली निवासी मोहन मोगिया के पास से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने ही अचलगढ़ निवासी शंकर आदिवासी के पास से 5 लीटर शराब बरामद की है। पिपरई पुलिस ने बर्रा निवासी करतार सिंह से 5 लीटर शराब बरामद की है।

मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर सेमरखेड़ी निवासी रजनी परिहार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उक्त मामले में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, मर्ग की जांच सहायक उपनिरीक्षक दीवान सिंह द्वारा किए जाने के बाद पुलिस ने पति दीपक परिहार पर मामला दर्ज किया है। जिसके द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित किया गया जिस पर से उसकी पत्नि ने फांसी लगा ली थी।

महाविद्यालय अब राजकुमार सिंह यादव के नाम से जाना जाएगा

अशोकनगर। मप्र शासन के उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा द्वारा जारी आदेश में कलेक्टर के प्रतिवेदन के बाद शासकीय ईसागढ़ महाविद्यालय का नामकरण परिवर्तित कर राव राजकुमार सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय किए जाने की सहमति दी गई है। आगे से इस महाविद्यालय को इसी नाम से जाना जाएगा।

आकाश में छाए रहे बादल, चलनी से चांद देखने महिलाएं उतावली नजर आईं

महिलाओं ने सज धज कर पूरे दिन व्रत रखा, पति की लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



हर वर्ष करवा चौथ का दिन महिलाओं में एक नईं उमंग और उत्साह लेकर आता है, यह पर्व महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है जो पूरे वर्ष में एक बार मनाया जाता है। इस बार करवा चौथ पर महिलाओं ने खूब सजधज कर इस पर्व को मनाया। लेकिन मौसम की बेरूखी भी नजर आई, महिलाएं सजधज कर हाथ में चलनी लेकर आसमान की ओर तकते हुए चांद को चलनी में कैद करने के लिए बेताव नजर आईं। चांद बादलों में छुपा रहा, लेकिन उम्मीदे पूरी तरह जारी रहीं। इस तरह के सारे नजारे इस बार करवाचौथ पर देखने को मिले। महिलाओं ने पहले चांद के दर्शन करने के प्रयास किए बाद में थाली में चांद बनाकर दिए के साथ करवा चौथ का पर्व मनाया। पहले पति को जल पिलाया बाद में महिलाओं ने अपना उपवास तोड़ा।

महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा, शुभमुहूर्त में पूजा की

करवा चौथ का पर्व पति और पत्नी के बीच आपसी स्नेह और विश्वास का पर्व है। भारतीय संस्कृति का यह अनुपम पर्व है जो हर वर्ष मनाया जाता है। इस पर्व पर महिलाएं कई दिन पहले से मनाने की तैयारी करती हैं इस दिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा की सामग्री खरीदने के बाद शुभ मुहूर्त में पूजा की और उसके बाद करवा चौथ का पर्व मनाया।

नवविवाहित महिलाओं ने पहली बार करवा चौथ का पर्व मनाया

इस दौरान महिलाएं सज सवरकर सेल्फी लेते देखी गईं। महिलाओं में कईं ऐसी नव युवतियां भी थी जिन्हे पहली बार करवा चौथ का पर्व मनाने का मौका मिल रहा था। उनके लिए यह नया अनुभव था कई महिलाएं ऐसी थी जो लंबे समय से करवा चौथ का पर्व मनाती आ रही हैं। उन्होंने नव विवाहित युवतियों को करवा चौथ कैसे मनाते हैं इससे अवगत कराया।

अशोकनगर शहर के मकानों की छत पर रात को शुभ मुहूर्त में चांद के निकलते ही महिलाएं छत पर देखी गई उनके हाथ में चलनी नजर आई और चलनी में अपने पति के दीदार करते हुए देखी गई। इस दौरान कई पतियों ने भी पत्नियों के साथ उपवास रखा। जिनके पति या पत्नि एक स्थान पर नहीं थे उन्होंने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से इस पर्व को मनाया। शाम के बाद सोशल मीडिया पर अनेक जोडे अपने



फोटो अपलोड करते देखे गए।

पंजाबी समाज की महिलाएं गुरूद्वारा पहुंची और करवाचौथ का पर्व मनाया

इसके अलावा पंजाबी समाज की महिलाओं ने हर वर्ष की तरह इस बार शाम की अवधि में गुरुद्वारा पहुंचकर करवा चौथ का पर्व मनाया। इस दौरान महिलाएं अपने हाथों में दीपक लेकर थाली बदलते हुए नजर आईं। एक गोल घेरे में महिलाओं को बैठा हुआ देखा गया यहां महिलाओं ने सेल्फी ली और करवा चौथ का पर्व मनाया। यह करवा चौथ का पर्व इस समाज की महिलाओं को अलग ढंग से मनाते हुए देखा गया। शहर में करवा चौथ के पर्व पर अनेक घरों में दीपक भी जलते हुए देखे गए। यह पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

इस करवा चौथ के पर्व पर शहर में बड़ा कारोबार होते हुए भी देखा गया। गहनों से लेकर साड़ियों की दुकान पर और श्रृंगारिक सामग्री की दुकानों के साथ ब्यूटी पार्लरों पर भी महिलाओं ने खूब खरीददारी की। इस दौरान बाजार में कारोबार भी चमकते हुए देखा गया अनेक साड़ी विक्रेताओं ने बताया कि उनका कारोबार जितना करवा चौथ पर हो जाता है उतना कारोबार दीपावली के पर्व पर भी नहीं होता। पूरे वर्ष में सबसे ज्यादा साड़ियों की बिक्री करवा चौथ के पर्व पर होती है।

कमियां मिलने पर दिए सख्त निर्देश

एसडीएम धनगर ने किया ग्राम पंचायत डुंगासरा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी मनीष धनगर ने ग्राम पंचायत डुंगासरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय उचित मूल्य की दुकान, माध्यमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत कार्यालय और कृषि उपज मंडी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अमले को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कम उपस्थिति पर नाराजगीरू निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में दर्ज 49 बच्चों में से मात्र 8 बच्चे ही उपस्थित पाए गए। एसडीएम ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और मेन्यू के अनुसार ही पोषण आहार वितरित करने के सख्त निर्देश दिए। शासकीय माध्यमिक विद्यालय डुंगासरा के निरीक्षण के दौरान शिक्षिका संगीता गोयल अनुपस्थित मिलीं। इस पर एसडीएम ने बीआरसीसी को संबंधित शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

स्व-सहायता समूह के पदाधिकारियों को बदलने के निर्देश- लक्ष्मी स्व-सहायता समूह के निरीक्षण के वक्त अध्यक्ष और सचिव दोनों ही अनुपस्थित मिले। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए समूह की बैठक आयोजित कर नियमानुसार अध्यक्ष एवं सचिव को पद से हटाने और नए पदाधिकारी तय करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

उचित मूल्य दुकान व पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निरीक्षण में सेल्समैन को निर्देशित किया गया कि सभी पात्र हितग्राहियों को तय समय पर खाद्यान्न का वितरण हो, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्राम पंचायत कार्यालय में सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित तो मिले, लेकिन जन्म-मृत्यु पंजी और निर्माण कार्य पंजी सहित कई आवश्यक अभिलेख मौके पर उपलब्ध नहीं थे। इस पर सचिव को चेतावनी देते हुए सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। भविष्य में ऐसा पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही गई। एसडीएम ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर किसानों से सीधे चर्चा की और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तुलाई केंद्र और कार्यालय का निरीक्षण कर सामने आई कमियों को तुरंत दूर करने के लिए मंडी सचिव को निर्देशित किया गया।

लूट की वारदात मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना शाढौरा पुलिस ने 3 नबंबर 2025 को घटित लूट की वारदात के प्रकरण में आरोपी सरवन पुत्र रूपसिंह कंजर, उम्र 25 वर्ष, निवासी बिरयाई का ढेरा थाना कुंभराज जिला गुना एवं अनिकेत पुत्र गौतम कंजर, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बिरयाई, थाना कुंभराज जिला गुना को गिरफ्तार किया गया है। उक्त दोनों आरोपी जिला जेल गुना में अपराध क्रमांक 216/26, धारा 394, 395, 120-बी एवं 397 भादवि के अंतर्गत निरुद्ध थे। प्रकरण में उनकी संलिप्तता सामने आने पर शाढौरा पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई है। प्रकरण में पूर्व में 03 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है तथा शेष आरोपियों के संबंध में विवेचना एवं पतारसी की कार्यवाही निरंतर जारी है।

पुलिस ने गुमसुदगी का मामला दर्ज किया



अशोकनगर। थाना कचनार कि अंतर्गत आने वालें गांव अखाईटपपा निवासी सोनू श्रीवास्तव ने थाना कचनार में लिखित आवेदन दिया कि मेरा भाई कल्ला श्रींवास्तव उम्र 32 वर्ष जो विगत 7 अक्टूबर से घर से बिना जानकारी के कहीं चला गया है, जिसकी दिमाग़ी हालत कमजोर है। हमने सभी जगह तलाश कर लिया है किन्तु उसका कहीं अता पता नहीं है जिस पर पुलिस ने गुमसुदगी का मामला दर्ज किया है।

जिला शिक्षाधिकारी ने बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और छात्राओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा एवं एपीसी द्वारा उत्कृष्ट बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्राओं से अध्ययन संबंधी चर्चा कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रावास में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं के रहने, पढ़ाई करने तथा अध्ययन के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं से उनकी पढ़ाई, पाठ्यक्रम की तैयारी और परीक्षा से संबंधित विषयों पर संवाद किया।

बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए दिए आवश्यक सुझावः जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्राओं को आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए नियमित अध्ययन करने, समय-सारणी बनाकर पढ़ाई करने तथा कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास, समय का उचित प्रबंधन और विषयों की नियमित पुनरावृत्ति बेहद आवश्यक है। छात्राओं को अपने शिक्षकों से विषय संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त करने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने के लिए भी प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने छात्राओं से चर्चा के दौरान उनकी पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों को समझने का प्रयास किया तथा शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण का उद्देश्य छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने और परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए प्रेरित करना रहा। जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति पर ध्यान देने तथा उन्हें बेहतर परिणाम के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस प्रकार निरीक्षण के माध्यम से छात्रावास की व्यवस्थाओं और छात्राओं की पढ़ाई की स्थिति का जायजा लेते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर परीक्षा परिणाम की दिशा में प्रयास किए गए।

जिला परिवहन अधिकारी ने वाहनों की चेकिंग कर चालानी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा जिले की तहसील शाढौरा में वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें स्लीपर/ डंपर/ओवरलोड एवं अन्य छोटे वाहनों से नियम विरुद्ध संवालन करने पर चालानी कार्यवाही कर समझौता शुल्क के रूप में 6 वाहनों से 40000 रूपये की राशि वसूल की गई। वाहन संचालकों को चेतावनी दी गई है कि वाहन बिना परमिट,बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना प्रदूषण अग्निशमन यंत्र, पैनिक बटन,वीएलटीडी डिवाईस एवं जीपीएस के बिना यदि कोई वाहन संचालन करते पाया जाता है तो मोटरयान नियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरूद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है।

संगठित रूप से जुआ खेलते 7 आरोपियों को पकड़ा

अशोकनगर। थाना देहात पुलिस ने ग्राम तरावली स्थित चंद्रमौली ढाबे के पीछे दबिश देकर संगठित रूप से जुआ खेल रहे 7 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 1,45,000 नगद व ताश के पत्तों की गड्डी जब्त की। उल्लेखनीय है कि थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तरावली में चंद्रमौली ढाबे के पीछे कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक उपरांत थाना प्रभारी देहात द्वारा पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां जुआ खेलते हुए वृंदावन साहू निवासी शंकरपुर मगरदा, राहुल जैन निवासी बजरिया मोहल्ला, हरिओम रघुवंशी निवासी पठार मोहल्ला, विजय बैनर्जी निवासी पुराना बस स्टैंड, दिलीप धाकड़ निवासी शंकरपुर मगरदा, यशवंत धाकड़ निवासी कलारी मोहल्ला एवं सौरभ रघुवंशी निवासी गायत्री मंदिर गली को पकड़ा गया। मामले में थाना देहात में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का प्रशिक्षण आयोजित

शाढ़ौरा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर के सहयोग से ग्राम पंचायत भवन म्यापुर मे सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण, पंजीयन तथा चाय के साथकर किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह रघुवंशी नवांकुर संस्था के सचिव विवेक रघुवंशी सहायक सचिव कृष्ण कुमार रघुवंशी परामर्शदाता बलवीर सिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने प्रस्फुटन समितियों द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों की समीक्षा की। और आगामी कार्य योजना बनाई उन्होंने उपस्थित सदस्यों से नशामुक्त भारत अभियान, पर्यावरण और जल संरक्षण अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की। तकनीकी एवं वित्तीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई स तथा सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह ने सभी से अपील कि हमें सरकार के सब अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। परामर्शदाता बलवीर सिंह यादव ने समितियों के सुचारू संचालन के लिए तकनीकी और पोर्टल पर गतिविधियों को अपलोड करने की प्रक्रिया, बैठक रजिस्टर के संधारण तथा वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड को पूरी पारदर्शिता के साथ रखने के तौर-तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन नवअंकुर संस्था के सचिव द्वारा किया गया की। सभी समितियों के पदाधिकारी व नवांकुर सखियों को कार्यक्रम के अंत में प्रमाण-पत्र देखकर सम्मानित किया स जबकि आभार प्रदर्शन नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने किया।

खेल प्रतियोगिताओं में गोला फेंक और लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में छात्र परिषद के क्रीडा सचिव के चयन हेतु क्रीडा प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे छात्र-छात्राओं के गोला फेक एवं लम्बी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों की लम्बी कूद प्रतियोगिता में मैकेनिकल ब्रांच के बंटी बंजारा ने प्रथम स्थान तथा गुलफान अंसारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के विनीत कुशवाह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वही छात्राओं की लम्बी कूद प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिकल ब्रांच की अनुष्का पराशर ने प्रथम स्थान इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की शिवानी साहू ने द्वितीय स्थान एवं इलेक्ट्रिकल ब्रांच की रिशिका केवट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद संस्था के ग्राउंड में छात्र-छात्राओं की शॉट पुट (गोला फेक) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के रोहित बघेल ने प्रथम तथा यश रघुवंशी ने द्वितीय स्थान एवं इलेक्ट्रिकल ब्रांच के प्रवीण केवट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्राओं शॉट पुट (गोला फेक) में इलेक्ट्रिकल ब्रांच की अनुष्का पराशर ने प्रथम, इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच की तमन्ना यादव ने द्वितीय तथा सिविल ब्रांच की काजल गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज संस्था में क्रीडा प्रतियोगिताओं का समापन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र अथवा छात्रा का चयन छात्र परिषद में क्रीडा सचिव के पद पर किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के क्रीडा प्रभारी अनिल धकाते के निर्देशन में किया गया, प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में संस्था के आशु गुरहा, अंकुर सोनी, हेमंत सुमन, आनंद कुमार उके, अंकित साहू, सतपाल सिंह चैधरी, संजय अहिरवार, पुरषोत्तम ठाकुर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस के दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता, व्याख्याता मोनेश जैन, मनीष वैद्य, सचिन शर्मा, अभिषेक सोनी आदि स्टाफ मेम्बेर्स सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

पार्षद डॉ. जय मंडल यादव ने की पानी बचाने की अपील

अमाही तालाब से मोटर डालकर पानी निकालने वालों पर कार्रवाई को लेकर सीएमओ ने एसपी को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर शहर की जनता को आने वाले दिनों में पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है, जिसे लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा लगातार पानी बचाने की मुहिम चलाई जा रही है। इसी प्रसंग में नगरपालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान ने अशोकनगर एसपी राजीवकुमार मिश्रा को एक पत्र भेजकर कहा है कि अमाही तालाब से अनाधिकृत रूप से जल लेने वालों पर कार्यवाही की जाए।

एसपी को लिख गए पत्र में कहा गया है कि नगरपालिका द्वारा अशोकनगर शहर में जनता को पानी सप्लाई करने का एक मात्र स्त्रोत अमाही तालाब है इस वर्ष जिले में अल्प वर्षा होने से उक्त तालाब में पर्याप्त जल का भंडारण नहीं हो पाया है। जिससे ग्रीष्मकाल के द्वारा गंभीर जल संकट उत्पन्न होनें की आंशका है, जिसे देखते हुए तालाब के जल को अनाधिकृत रूप से पंप से लिफ्ट कर ग्रामीणों द्वारा जल का दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे दिन प्रतिदिन तालाब का जल स्तर कम होता जा रहा है। तालाब से निकाले जा रहे जल को लेकर कार्यवाही करने की मांग की गई है, इस संबंध में कलेक्टर और एसडीएम अशोकनगर तथा साथ में देहात थाना पुलिस को भी पत्र लिखा गया है।



नगर पालिका पार्षद डॉक्टर जयमंडल सिंह यादव ने नगर वासियों से पानी बचाने की अपील की है। सोशल मीडिया पर जारी अपील में उन्होंने अपने वार्ड वासियों और नगर के लोगों से निवेदन किया है कि इस बार बारिश कम होने के चलते जल संकट मडरा रहा है। आने वाले गर्मियों के मौसम में पानी की आपूर्ति हो सके इसके लिए अभी से पानी की बचत जरूरी है। नगर पालिका निरंतर प्रयास करती है कि सभी के घरों में पानी पहुंचे, पानी की एक-एक बूंद अनमोल है, उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी समझदारी का परिचय दें पानी को व्यर्थ न बहाएं, जिनके नलों में टोटी नहीं लगी है, वे अपने नलों में टोटी लगवाएं, वाहन धोने में व्यर्थ पानी न बहाएं, जिससे आने वाले जल संकट का मुकाबला कर सकें। हमारे नगर पालिका अध्यक्ष, सभी पार्षद और नगर पालिका प्रशासन सभी घरों में शुद्ध जल पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस बार अल्प वर्षा होने के कारण जल हमारे नगर के लिए सबसे बड़ी चुनौती हो सकता है। इसलिए पानी को बर्बादी से बचाने के लिए हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। टोटी खुली न छोड़े तुरंत बंद करें, सड़कों पर पानी न फैलाएं, पाइप से आंगन में गाड़ियां न धोएं, सार्वजनिक जगह पर सड़कों पर कहीं भी लीकेज देखें तो तत्काल नगर पालिका प्रशासन को अध्यक्ष, पार्षद,सीएमओ को सूचित करें।

इनका कहना है

नगरपालिका अशोकनगर के सीएमओ द्वारा अमाही तालाब से जल निकालने वालों पर कार्यवाही के संबंध में पत्र लिखा गया है। इस संबंध में नगरपालिका जब भी कहेगी तब वह अपनी पुलिस मौके पर भेजने के लिए तैयार है।

राजीव कुमार मिश्रा, एसपी

चांदबड़ली में 64 लाख से बन रहा सेंटर, पेयजल दूषित होने व मक्खियों के प्रकोप की शिकायत

अब कचरे पर सियासतः एमआरएफ सेंटर के निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने रुकवाया काम

पूर्व विधायक गिरीश भंडारी पहुंचे मौके पर, विधायक मोहन शर्मा बोलेः जनहित के मुद्दों पर राजनीति उचित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर परिषद के कचरा प्रबंधन से जुड़ा मामला अब चांदबड़ली गांव में विवाद का विषय बन गया है। स्वच्छता मिशन के तहत करीब 64 लाख रुपए की लागत से चांदबड़ली स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में बनाए जा रहे मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर के निर्माण का गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध किया और काम रुकवा दिया। ग्रामीणों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड के आसपास मक्खियों का प्रकोप बढ़ने, पेयजल स्रोतों का पानी दूषित होने की आशंका और कचरा जलने से निकलने वाले धुएं से परेशानी होने की शिकायत की। विरोध की सूचना मिलने पर नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक गिरीश भंडारी सहित कांग्रेस के अन्य नेता मौके पर पहुंचे। वहीं, नगर परिषद के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों की आपत्तियां सुनीं और समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक निरीक्षण कराने का आश्वासन दिया। मामले में विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर के कचरे के संग्रहण और प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था के लिए एमआरएफ सेंटर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजा जाएगा। उन्होंने कहा कि



जनहित के मुद्दों पर राजनीति करना उचित नहीं है और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर समस्या का हल निकाला जाएगा।

सुबह कचरा लेकर पहुंचे वाहन, ग्रामीणों ने जताया विरोध

गुरुवार सुबह करीब 7 बजे नगर परिषद के सभी 15 वार्डों से गीला और सूखा कचरा एकत्रित कर वाहन चांदबड़ली स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। यहां एमआरएफ सेंटर का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान गांव के पूर्व सरपंच अनीश खान, समीर खान, सादिक खान, मोहम्मद सदीक सहित अन्य ग्रामीण और महिलाएं मौके पर पहुंच गईं। ग्रामीणों ने कचरा डालने और निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए विरोध किया, जिसके बाद काम रुकवा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड आबादी क्षेत्र के नजदीक होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, आसपास के घरों में मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है, पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका है और कचरा जलने से उठने वाला धुआं भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य और पेयजल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

पेयजल और भूमि चयन पर सवाल उठाए

ग्रामीणों के विरोध की जानकारी मिलने पर नरसिंहगढ़ के पूर्व विधायक गिरीश भंडारी मौके पर पहुंचे। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खुर्शीद मेव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश दला और पार्षद प्रतिनिधि लखन चैहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों की शिकायतों का समर्थन करते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्थिति, पेयजल स्रोतों और भूमि चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। पूर्व विधायक गिरीश भंडारी ने कहा कि चांदबड़ली में ट्रेंचिंग ग्राउंड पर स्थायी निर्माण होने से ग्रामीणों को प्रदूषण संबंधी परेशानी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में एसडीएम ने ग्रामीणों को वहां के पेयजल स्रोतों का पानी नहीं पीने की सलाह दी थी और पानी दूषित होने की शिकायत भी कचरे से जुड़ी है। भंडारी के अनुसार, ट्रेंचिंग ग्राउंड बनने से पहले ग्राम पंचायत स्तर पर भी आपत्तियां उठाई गई थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि पटवारी की रिपोर्ट में आबादी क्षेत्र से संबंधित आपत्ति दर्ज थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने ग्रामीणों को एक दिन में स्थायी समाधान तलाशने का आश्वासन दिया है।

एमआरएफ सेंटर से नहीं होगी परेशानी

मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान और थाना प्रभारी जितेंद्र मवई भी पहुंचे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। इसके बाद निर्माण कार्य रोककर शुक्रवार को प्रशासनिक निरीक्षण के माध्यम से समस्या का समाधान तलाशने का आश्वासन दिया गया। बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने कांग्रेस पर कचरे के मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि राजस्व विभाग द्वारा नगर परिषद को आवंटित की गई है। भूमि आवंटन के समय दावा-आपत्ति की प्रक्रिया अपनाई गई थी या ग्राम पंचायत की ओर से कोई आपत्ति दर्ज कराई गई थी, इस संबंध में किए जा रहे दावों की पुष्टि आवश्यक है।

नियमों के अनुसार हो रहा निर्माण बाधा डालने पर कार्रवाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चौहान ने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए पूर्व में अपनाई गई प्रक्रिया और शासकीय मापदंडों के अनुसार एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति शासकीय निर्माण कार्य में व्यवधान पैदा करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद का कहना है कि एमआरएफ सेंटर का उद्देश्य गीले और सूखे कचरे का उचित प्रबंधन, उपयोगी सामग्री का पृथक्करण तथा कचरे से खाद बनाने जैसी प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना है। वहीं, ग्रामीणों की प्रमुख चिंता सेंटर के आसपास की आबादी, पेयजल स्रोतों और प्रदूषण से जुड़ी है।

नपाध्यक्ष ने दिए मरम्मत के निर्देश

फिल्टर प्लांट की मोटर खराब जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 01 स्थित खानगा मोहल्ले में नगर पालिका के फिल्टर प्लांट की बड़ी मोटर खराब होने से शहर की जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हो गई। पेयजल आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष पालीवाल ने जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे को खराब मोटर की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति जल्द सुचारु की जाए, ताकि समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही मोटर दुरुस्त होने तक वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर ध्यान देने के निर्देश भी दिए, जिससे नागरिकों को कम से कम परेशानी हो।

गिरी दीवार का निर्माण भी शुरू कराया

गिरी दीवार का निर्माण शुरू कराया

निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांट भवन की एक दीवार गिरी हुई मिली। पेयजल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने दीवार का पुनर्निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया ।अध्यक्ष पालीवाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारी तत्परता से कार्य करें। इस दौरान वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद एवं लोक निर्माण सभापति गोपाल पाल, जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे, गोकुल पुष्पद, गोपाल अहिरवार आदि मौजूद थे।

घाट चमकाने के संकल्प को नपाध्यक्ष का संबल, दीपावली तक श्रमदान

सप्ताह भर से सुबह 6 बजे कालीसिंध घाट पर जुटता संकल्प सेवा परिवार, नपाध्यक्ष ने बढ़ाया सेवाभावियों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मां कालीसिंध घाट को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए संकल्प सेवा परिवार (एसएसपी) द्वारा चलाया जा रहा अखंड स्वच्छता अभियान जनभागीदारी की मिसाल बन रहा है। अभियान को एक सप्ताह पूरा हो चुका है। इस पहल को प्रोत्साहित करने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल घाट पहुंचे और सेवाभावियों के श्रमदान की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। परिवार ने दीपावली तक अभियान निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया है।

घाट पहुंचे नपाध्यक्ष श्रमदान की सराहना की

अभियान के एक सप्ताह पूरे होने पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने पार्षद राकेश पुष्पद, नंदनवन



समिति के संस्थापक मनीष सोनी और नगर पालिका के सफाई इंचार्ज सतीश कंडारे के साथ घाट का दौरा किया। उन्होंने संकल्प सेवा परिवार के सदस्यों द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों की प्रशंसा की और इस जनहितकारी पहल के लिए आभार जताया। जनप्रतिनिधियों के प्रोत्साहन से अभियान में जुटे सदस्यों का उत्साह बढ़ा।

जारी रहेगा अभियान

संकल्प सेवा परिवार के सदस्य प्रतिदिन सुबह 6 बजे घाट पर पहुंचकर सफाई कार्य में जुटते हैं। नागरिकों में सार्वजनिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने स कहा, मां कालीसिंध हमारी हैं, हम ही इसकी रक्षा करेंगे। सेवा ही संकल्प है और संकल्प ही शक्ति है।

खबर प्रकाशन के बाद जांच टीम गठित, सरपंच-सचिव को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

गोघटपुर पंचायत में दो बार में निकाले 4.90 लाख रुपए, अब निर्माण शुरू



न्यू बस स्टैंड पर स्वच्छता परिसर निर्माण के नाम पर कार्य शुरू होने से पहले भुगतान का मामला

बिना काम ही पंचायत गोघटपुर ने निकाल लिए 3.97 लाख, पंचायत इंस्पेक्टर ने मांगा जवाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

सरकारी राशि के उपयोग और निर्माण कार्यों की निगरानी को लेकर ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी पर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। जनपद पंचायत जीरापुर की ग्राम पंचायत गोघटपुर में न्यू बस स्टैंड पर बन रहे स्वच्छता परिसर का मामला चर्चा में है। आरोप है कि सरपंच योगेश गुप्ता और सचिव भेरूलाल कुम्भकार ने 29 अप्रैल को सामग्री के बिल लगाकर दो बार में कुल 4 लाख 90 हजार रुपये की राशि निकाल ली, जबकि मौके पर निर्माण कार्य अब चल रहा है। भुगतान और निर्माण की स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की। मामला सामने आने के बाद जांच टीम गठित की गई और पंचायत के जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जांच होना है कि सामग्री के बिलों के आधार पर निकाली गई राशि का उपयोग किस प्रकार हुआ और निर्माण शुरू होने में देरी के क्या कारण रहे। बताया जा रहा है कि राशि निकालने के लिए सामग्री के बिल लगाए गए थे, जबकि निर्माण कार्य अब मौके पर चल रहा है। इसी अंतर को लेकर भुगतान की प्रक्रिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

हालांकि, राशि निकालने की तारीख और निर्माण की वर्तमान स्थिति अपने आप में वित्तीय अनियमितता का प्रमाण नहीं हैं। मामले की वास्तविक स्थिति जानने के लिए भुगतान से संबंधित बिल-वाउचर, सामग्री की आपूर्ति के प्रमाण, निर्माण की स्वीकृति, माप पुस्तिका और मौके पर उपलब्ध सामग्री एवं कार्य का मिलान जरूरी है। जांच में यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि बिलों के अनुसार सामग्री कब खरीदी गई और उसका उपयोग निर्माण में किस समय किया गया।

सड़क के दोनों ओर कितनी जमीन छोड़ी जाना जरूरी है और प्रस्तावित हाईवे की वास्तविक सीमा कहां तक होगी, इसकी आधिकारिक पुष्टि संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी के नक्शे और तकनीकी जानकारी से होना आवश्यक है। सोशल मीडिया पर जानकारी के आधार पर निर्माण स्थल की सुरक्षा को लेकर अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

इनका कहना है.

सोशल मीडिया पर सड़क के दोनों ओर 10-10 फीट तक चौड़ाई बढ़ाए जाने की जानकारी सामने आई है। इसी को ध्यान में रखते हुए 22 फीट जगह छोड़कर निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत का नोटिस मिला है, जवाब दिया जाएगा।

-योगेश गुप्ता, सरपंच ग्राम पंचायत गोघटपुर

इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज है। इंजीनियर जांच कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मामले के संबंध में स्पष्ट जानकारी दी जा सकेगी।

रणजीत रघु, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जीरापुर

मां बगलामुखी दरबार में सुंदरकांड का पाठ कर विशाल कन्या भोज व भंडारा कराया, हजारों कन्याओं ने ग्रहण की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में नवरात्र के अवसर पर मां बगलामुखी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बुधवार को वार्ड क्रमांक 14 में गायत्री शक्तिपीठ के समीप स्थित मां बगलामुखी दरबार में विशाल कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

दोपहर 4 बजे से शुरू हुआ आयोजन रात 11 बजे तक चला। इसमें हजारों कन्याओं ने प्रसादी ग्रहण की, वहीं बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भी भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण



की।आयोजन के एक दिन पूर्व मंगलवार रात को दरबार में सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बुधवार को कन्या भोज एवं भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

विधायक ने की दरबार की साज-सज्जा की सराहना

भंडारे में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने नवरात्र के दौरान मां बगलामुखी दरबार में की गई आकर्षक साज-सज्जा की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। विधायक शर्मा ने कहा कि हर वर्ष कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन करना सराहनीय पहल है। इस धार्मिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने वाले समिति के सदस्य, आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालु और सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोग प्रशंसा के पात्र हैं।

दशहरा मैदान में बाउंड्री वॉल का निर्माण मंदिर परिसर में सीमेंट कांक्रीट पर करने का विरोध, काम रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के आवास कॉलोनी स्थित वार्ड क्रमांक 15 दशहरा मैदान नई बस स्टैंड पर नगर परिषद के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां पर बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य हो रहा उसी जगह झुग्गी बस्ती है जहां पर झुग्गियों में यह लोग रहकर अपना जीवन यापन करते हैं।

इस जगह पर पूर्व से रामदेव मंदिर बना हुआ है तथा उस मंदिर के बाहर सीमेंट कांक्रीट का परिसर बना हुआ है जो दशहरा मैदान में हैं। दूसरी



ओर से बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य जारी है जो मंदिर परिसर में सीमेंट कांक्रीट पर आ रहा है। मोहल्लेवासी आक्रोशित हो गए, तथा तत्काल एकत्रित होकर निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल कार्य को रूकवा दिया गया। कि मंदिर परिसर पर बाउंड्री वॉल नहीं किया जावे।

मोहल्ले वासी का कहना है कि रामदेवरा मंदिर परिसर में जो सीसी हो रहा है उसे छोड़कर बाउंड्री की जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं करने देंगे।इस मौके पर दुर्गेश मालवीय , रामेश्वर वर्मा , भेरू बरेठा , कमलेश जाटव , शंभू मालवीय , राधेश्याम वर्मा , राहुल मालवीय ,कैलाश मालवीय , सोहनबाई वर्मा , सुनीता बाई वर्मा , शांति वर्मा , प्रेम बाई, गुड्डी बाई वर्मा , लीलाबाई वर्मा सहित वार्ड नंबर 15 दशहरा मैदान स्थित रामदेव मंदिर के समीप के रहवासी महिला और पुरुष एकत्रित थे। जब नपा उपयंत्री बृजेश उपाध्याय से इस सम्बन्ध में जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी मौजूद है।

दिवाली का सीजन नजदीक होने से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी

अव्यवस्थित वाहन खड़े रहने से राहगीरों व व्यापारियों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

अव्यवस्थित यातायात दिनोंदिन बिगड़ती जा रही व्यवस्था से परिणाम यह कि राहगीरों को जाम जैसी परेशानी भुगतना पड़ता है।लेकिन जिम्मेदार प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। नगर में आए दिन लगने वाले जाम से आमजन, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इन दिनों किसानों की फसल मंडी में आने के कारण ट्रैक्टरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे दुपहिया वाहनों सहित अन्य वाहन चालकों को जाम में फंसना पड़ रहा है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे सब्जी मंडी क्षेत्र में लगभग 20 से 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी हुई। वहीं, इंदर चौराहे से अस्पताल परिसर के



सामने तक दुकानों के बाहर अव्यवस्थित तरीके से खड़े दुपहिया वाहनों के कारण भी यातायात प्रभावित हो रहा है। सड़क पर जगह कम होने से चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

दिवाली पर बढ़ेगी परेशानी व्यापारियों को भी चिंता

दिवाली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी तेज होंगी। वर्तमान में ही यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है, तो त्योहार के दौरान हालात और अधिक खराब होने की आशंका है। जाम के कारण व्यापारियों को भी अपना माल लाने-ले जाने और ग्राहकों तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आखिर कब जागेगा प्रशासन

नगरवासियों का सवाल है कि आखिर जिम्मेदार प्रशासन यातायात व्यवस्था को लेकर कब गंभीर होगा? सब्जी मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टरों की आवाजाही को व्यवस्थित करने, प्रमुख मार्गों पर अव्यवस्थित पार्किंग रोकने तथा इंदर चैराहे से अस्पताल परिसर अटल चौक तक यातायात सुचारू रखने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो दिवाली के दौरान नगरवासियों और व्यापारियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक में लिया संकल्प

मायावती के जन्मदिन पर मनाएंगे जन कल्याणकारी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन ब्यावरा के एक निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भोपाल मुख्य जोन प्रभारी पूर्णेंद अहिरवार ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने घोषणा की कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के आगामी जन्मदिन को आर्थिक सहयोग एवं जनकल्याणकारी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। जोन प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले पंचायत



स्तरीय चुनावों में बसपा पूरी मजबूती और रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रभारी रामबाबू शिवहरे एवं डॉ. शिवनारायण वर्मा बैठक की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह वर्मा ने की तथा मंच संचालन राजगढ़ विधानसभा प्रभारी एडवोकेट मोहन वर्मा ने किया।

सोलंकी बने जिला उपाध्यक्ष

संगठन विस्तार के तहत बैठक में संजय सिंह सोलंकी को राजगढ़ बसपा का नया जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया जिस पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया। बैठक में पूर्व जिला प्रभारी रुस्तम सिंह इंदौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष जमनालाल अहिरवार जिला कोषाध्यक्ष विनोद वर्मा विधानसभा प्रभारी प्रकाश वर्मा रघु वर्मा राजगढ़ कैलाश वर्मा खिलचीपुर एवं विधानसभा अध्यक्ष एड. बीरम लाल वर्मा खिलचीपुर राहुल वर्मा राजगढ़ भारत सिंह वर्मा नरसिंहगढ़ तथा विनोद कुमार सारंगपुर अरुण अहिरवार देवकरण वर्मा उद्यम सिंह दुगारिया रामभरोस वर्मा माखन वर्मा डॉ. बंटी वर्मा मुकेश वर्मा गोकुल वर्मा कैलाश जाटव रघुवीर सिंह, जितेंद्र वर्मा अनिल वर्मा मौजूद रहे।